Mahatma Gandhi Institute

Moka – Mauritius

Tel. 403 2000
Fax No. (230) 433 2235
Website: http://www.mgirti.org
Email: directorgeneral@mgi.ac.mu

In Reply Please Quote…………………………..

Your Ref……………………………………..

तिथि: 02.02.2018

…………………………………………
…………………………………………
…………………………………………

आदरणीय/आदरणिया,

विषय: 'डायस्पोरा साहित्य संगम' प्रकाशन हेतु साहित्य और आलेख आमंत्रित

आपको ज्ञात होगा कि १०वें विश्व हिंदी सम्मलेन, भोपाल, भारत में पारित मंतव्य के अनुरूप ११वाँ हिंदी सम्मलेन 18 से 20 अगस्त, 2018 में मॉरीशस में आयोजित होने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में भारतीय भाषाओं, साहित्य एवं दर्शन, के प्रचार-प्रसार के लिए प्रतिबद्ध, मॉरीशस स्थित महात्मा गांधी संस्थान **'*डायस्पोरा साहित्य संगम*'** नामक संकलन का प्रकाशन करने जा रहा है।

इस प्रकाशन में विश्व भर में फैले हिंदी डायस्पोरा-रचित सृजनात्मक साहित्य तथा अतीत और वर्तमान में रचित डायस्पोरा हिंदी साहित्य पर आधारित विश्लेषणात्मक/समीक्षात्मक आलेखों का संकलन होगा।

आप इस क्षेत्र में ख्यातिलब्ध रचनाकार/आलोचक हैं। आपसे अनुरोध है कि आप इस प्रकाशन हेतु अपनी रचनाएँ/आलेख भेजकर हमें अनुगृहीत करें।

रचनाएँ और आलेख भेजने के नियम संलग्न पाएँ।

भवदीया,

सूर्यकांति गयान
महानिदेशिका
महात्मा गांधी संस्थान व रबींद्रनाथ ठाकुर संस्थान
मॉरीशस

नियम व शर्तें

<u>विषय : 'डायस्पोरा साहित्य संगम' प्रकाशन हेतु रचनाएँ और आलेख आमंत्रित</u>

साहित्यिक रचनाएँ

1. संकलन में **केवल डायस्पोरा लेखकों** की साहित्यिक रचनाएँ प्रकाशित की जाएँगी।
2. प्रत्येक रचनाकार किसी एक विधा का चयन करते हुए अपनी एक मौलिक रचना प्रेषित कर सकता है। कविताएँ एवं लघु कथाएँ एक से अधिक भेजी जा सकती हैं।

साहित्यिक समीक्षा

1. डायस्पोरा साहित्य से संबंधित शोध आलेख लगभग 2000 से 2500 शब्द संख्या का होना चाहिए।
2. शोध आलेख डायस्पोरा व अन्य देशों के विद्वानों द्वारा भेजे जा सकते हैं।
3. शोध आलेख में संदर्भन *(referencing)* अनिवार्य है।

सामान्य नियम

1. संपादक मंडल द्वारा स्वीकृति मिलने पर ही आलेख/रचना का प्रकाशन किया जाएगा।
2. आलेख/रचना के मौलिक तथा अप्रकाशित होने का प्रमाण-पत्र भेजना अनिवार्य है।
3. लेखक अपना संक्षिप्त परिचय (100 शब्द) और एक पासपोर्ट आकार चित्र साथ में भेजें।
4. रचनाएँ तथा आलेख हिंदी तथा देवनागरी लिपि में स्वीकार्य होंगे ।
5. आलेख/रचना किसी भी यूनिकोड फ़ॉन्ट में टंकित होनी चाहिए।
6. ई-मेल द्वारा भेजी जा रही रचनाएँ <u>एम.एस.वर्ड</u> व <u>पी.डी.एफ़</u> दोनों प्रारूपों में भेजें।
7. आलेख/रचना हार्ड कॉपी में निम्नलिखित पते पर भी भेजी जा सकती है।
8. रचना/आलेख भेजने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2018 है।

पता:

<u>डाक</u>

Head & Editor in Chief
Department of Creative
Writing & Publications
Mahatma Gandhi Institute
Moka, Mauritius

<u>ई-मेल</u>

creativewriting@mgi.ac.mu